## मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

**महिदपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जिला उज्जैन करणदीप सिंह, एसडीओपी ज़ेंडेन लिंगज़ेरपा के मार्गदर्शन में मोहर्रम को लेकर थाना प्रभारी महिदपुर अशोक पाटीदार ने फ्लैग मार्च निकाला।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में एसडीओपी महिदपुर का बल, थाना महिदपुर का बल एवं रेपिड एक्शन फोर्स का कुल बल 120 के साथ मोहर्रम को लेकर नगर में शांति, सुरक्षा और भाईचारा बनाए रखने के लिए पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने संयुक्त रूप से एक विशाल फ्लैग मार्च निकाला। इस मार्च का मुख्य उद्देश्य आम जनता

में सुरक्षा का भाव पैदा करना और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों को कड़ा संदेश देना है। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर नगर के विभिन्न प्रमुख और संवेदनशील मार्गों अयोध्या बस्ती चौराहा, अम्बेडकर चौराहा, राजेन्द्र मार्ग, चौक बाजार, किशनगंज दरवाया, घाटी मोहल्ला, बैरजाली, दिलदारपुरा, यादव मोहल्ला, मोति मस्जिद, रामलीला मैदान से गुजरा। नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जनता से त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। साथ ही प्रशासन ने यह भी साफ कर दिया है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भडक़ाऊ पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। माहौल बिगाडऩे की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान थाना क्षेत्र के निगरानी गुण्डों को चैक कर माहौल खराब न करने की चेतावनी दी गई। आयोजकों को शासन के निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की समझाइश दी गई। शासन के निर्देशों का पालन न करने पर उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**इनका कहना है**

मोहर्रम के मद्देनजर रखते हुए यहां पर जुलूस निकाला गया। वहीं बदमाशों को समझाइश दी जा रही है। इसके साथ ही बडनगर जैसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसकी भी समझाइश दी गई। वही इस फ्लैग मार्च में स्थानीय पुलिस का काफी सहयोग रहा। इसके साथ ही फरार वारंटियों की भी धरपकड़ की गई।
– करणदीप सिंह, एएसपी ग्रामीण

## रास्ता भूले 5 वर्षीय बालक को पुलिस ने घर पहुंचाया

**उज्जैन।** थाना बड़नगर क्षेत्र अंतर्गत व्यास कॉलोनी में एक 5 वर्षीय बालक मिला है, जो घर का रास्ता भटक गया है। पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में 24 जून को दोपहर 1.15 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल बड़नगर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक 1852 राकेश एवं पायलट नरेंद्र ने मौके पर पहुंचकर बालक को संरक्षण में लिया।

डायल-112 जवानों ने बालक को एफआरव्ही वाहन से साथ लेकर आसपास परिजन की तलाश एवं पूछताछ करने पर परिजन की जानकारी नहीं मिलने पर बालक को लेकर थाना पहुंचे। डायल-112 जवानों ने बालक के मिलने की सूचना स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप में भेजी। कुछ समय पश्चात बालक के परिजन थाना पहुंचे, जिन्हें बालक द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत परिजन के सुपुर्द किया। प्राप्त जानकारी अनुसार बालक खेलते खेलते घर से निकल कर रास्ता भटक गया।

## एक नजर में

### किसान संघ की बैठक में पौधे रोपने का संकल्प

**घट्टिया।** भारतीय किसान संघ तहसील घट्टिया की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। जिसमें आगामी कार्यक्रम अंतर्गत 3000 पौधों का रोपण करने का संकल्प लिया गया। सभी कार्यकर्ता अपनी अपनी तहसील में पौधारोपण करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री कल्याण निधि व वृद्धा पेंशन की किस्त डालने के लिए भी तहसीलदार आदर्श शर्मा को ज्ञापन दिया गया।

### झमाझम बारिश, मौसम में आई ठंडक

**घट्टिया।** गुरुवार दोपहर में तेज हवा के झमाझम बारिश हुई। करीब 1 घण्टे तक हुई बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई। वहीं किसान भी बोवनी कार्य के लिए खेतों को तैयार करने में जुट गए।

### महिदपुर में योग दिवस का आयोजन किया

**महिदपुर।** इसके अंतर्गत महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कृष्णा बाई शिवनारायण सूर्यवंशी थीं। विशेष अतिथि योग नोडल अधिकारी उज्ज्वल मैडम, गिरधारी लाल ऊथरा, पत्रकार विजय चौधरी, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महिदपुर में विद्यालय के प्राचार्य किशोर परमार, योग प्रशिक्षक राधे श्याम कुमावत तथा शैलेंद्र सिंह चौहान के साथ बड़ी संख्या में शिक्षक ग्रहण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। योग प्रबोधन में अतिथियों द्वारा स्वास्थ्य की निरंतरता के लिए जीवन में योग की महत्ता बताई गई। महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा प्रोटोकॉल में निर्धारित आसन एवं प्राणायाम का उल्लास पूर्वक अभ्यास किया गया। महाविद्यालय में कार्यक्रम का संचालन डॉ. जाकिरुद्दीन अहिंगर ने किया।

### कलम का धर्म सत्य, साहस ही पत्रकारिता की पहचान

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का एक दिवसीय जिला सम्मेलन गुरुवार को नीलगंगा स्थित शिवांजलि गार्डन में आयोजित हुआ। सम्मेलन संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया कि अध्यक्षता में हुआ। जिसमें पत्रकार सुरक्षा कानून, एआई चुनौतियां एवं निष्पक्ष पत्रकारिता सहित अन्य विषयों पर मंथन हुआ। इस अवसर पर महामंडलेश्वर शैलेषानंद गिरी महाराज, रामकथा व्यास सुलभ शांतु गुरु, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रविंद्र सोलंकी, प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव मंच पर उपस्थित रहे। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में जिलाध्यक्ष डॉ. राहुल कटारिया ने सभी अतिथियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया और स्वागत उद्बोधन दिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को राजनेताओं और अधिकारियों की गोद में बैठना बंद कर समाज की गोद में बैठना चाहिए। महामंडलेश्वर शैलेषानंद जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि सनसनीखेज पत्रकारिता धिक्कार के काबिल है। आज कल नकली पत्रकारिता का आवरण ओढ़कर कुछ लोग पत्रकारिता को बदनाम कर रहे हैं। राम कथा व्यास पं. सुलभ शांतु गुरु ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है और दर्पण कभी झूठ नहीं दिखाता। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव और उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रविंद्र सोलंकी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सुमेर सिंह सोलंकी, आनंद पांचाल, घनश्याम शर्मा, नीलेश शर्मा, विजय ठाकुर, अमर शंकर जोशी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार सम्मेलन में सम्मिलित हुए।

### तराना में चलाया साइबर सेल ने अभियान

**उज्जैन।** 25 जून को सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत राज्य साइबर सेल, उज्जैन द्वारा तराना में श्री सांदीपनि हायर सेकेन्डरी स्कूल एवं सरस्वती शिशु मन्दिर में साइबर जागरुकता अभियान आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा साइबर अपराधो के प्रति जन जागरुकता हेतु सेफ क्लिक 2.0 अभियान 24 जून को प्रारंभ किया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर साई मनोहर, पुलिस अधीक्षक सत्यसांची सराफ के निर्देशन एवं राज्य साइबर सेल, उज्जैन प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक लीना मारोठ के मार्गदर्शन में सेफ क्लिक 2.0 जन जागरुकता अभियान की कड़ी में राज्य साइबर सेल, उज्जैन द्वारा श्री सांदीपनि हायर सेकेन्डरी स्कूल एवं सरस्वती शिशु मन्दिर स्कुल में वृहद स्तर पर साइबर जागरुगता कार्यक्रम आयोजित किये गये। जागरुकता कार्यक्रम की कड़ी में 650 छात्र छात्राओं एवं सरस्वती शिशु मन्दिर स्कूल में 75 छात्र छात्राओं को साइबर अपराध के प्रकार, किस प्रकार से साइबर अपराध होते है व उनसे बचाव के विस्तृत उपाय बताये गये। आर्थिक साइबर अपराधो के संबंध में एटीएम कार्ड का उपयोग करते समय सावधानी, वन टाइम पासवर्ड किसी से शेयर नही करने, कोई भी एपीके फाइल इस्टॉल नहीं करने, फर्जी स्टॉक मार्केट में निवेश, डिजीटल अरेस्ट, आनलाइन पार्ट टाइम जॉब व आनलाइन टास्क के नाम पर होने वाली ठगी से संबंध में विस्तृत रुप से समझाइश दी गई। छात्र छात्राओं एवं वहां उपस्थित शिक्षकों द्वारा रुचि लेकर कई प्रश्न पूछे, प्रश्नो के उत्तर साइबर सेल की टीम राज्य साइबर सेल की टीम में उप पुलिस अधीक्षक लीना मारोठ, निरीक्षक अमित परिहार, उप निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह, सउनि प्रविण सिंह पंवार, सउनि हरेन्द्रपाल सिंह राठौर, रजनी निंगवाल, तृप्ति लोधी, सुशील शर्मा, प्रदीप यादव, कमल सिंह वरकडे व आर चालक सुनिल पवार की जागरुकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## करियर काउंसिल और गाइडेंस पर सेमिनार

**महिदपुर।** संत जोसेफ कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल महिदपुर शहर में 23 जून को कक्षा नवीं से बारहवीं के छात्रों के लिए केरियर गाइडेंस सैमिनार का आयोजन डॉ. आइजैक थॉमस के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संस्था प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल ,नवागत उपप्रबंधक फादर सजी, प्राचार्य सोबी थॉमस, उपप्राचार्य अनीश थॉमस उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के स्वागत के पश्चात सेमिनार का प्रारंभ किया गया। छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर एक सफल व्यवसायिक जीवन प्राप्त करने के लिए डॉ. आइजैक थॉमस ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। जो छात्र विषय चयन एवं कैरियर के लिए संशय ग्रस्त थे उन्हें कैरियर की विभिन्न

शाखाओं ,देश-विदेश के आदर्श शिक्षण संस्थानों, स्कालरशिप प्रोग्राम, चयन प्रक्रिया परीक्षा कार्यक्रमों एवं तैयारी आदि के विषय में विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अंत में सभी छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। छात्रों की जिज्ञासा का समाधान कर उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करने वाले इस सेमिनार में छात्रों के आत्मविश्वास में वृद्धि की। इसके साथ ही छात्रों की शिक्षा को सरल, रुचिपूर्ण एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों के लिए भी एक ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन में कक्षा बारहवीं की छात्रा आयुषी परमार द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया।

## सीएम पर आरोपों का वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन ने किया विरोध

**उज्जैन। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर लगाए गए भूमि संबंधी आरोपों को लेकर वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन मध्यप्रदेश ने विरोध जताया है। संगठन ने इन आरोपों को निराधार, तथ्यहीन और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताया।**

गोला मंडी स्थित मातंगेश्वर महादेव मंदिर पर वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के पदाधिकारियों ने विपक्ष के आरोपों का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समर्थन में नारे लगाए और भगवान महादेव से प्रदेश के विकास कार्यों को गति देने की प्रार्थना की। वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के प्रदेश संगठन मंत्री रोहित मित्तल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश में निवेश, रोजगार, अधोसंरचना और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। इन्हीं उपलब्धियों से ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष निराधार आरोपों का सहारा ले रहा है। कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन जनता विकास की राजनीति चाहती है। आरोप-प्रत्यारोप की नहीं। वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन ने मांग की कि कांग्रेस मुख्यमंत्री पर लगाए गए आरोपों को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगे।

## अजाक्स की प्रांतीय साधारण सभा 28 जून को

**उज्जैन। मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ ( अजाक्स ) उज्जैन के तत्वावधान में 28 जून को दशहरा मैदान ग्राउंड पर अजाक्स की प्रांतीय साधारण सभा एवं द्वितीय मालवांचल महासम्मेलन-2026 किया जाएगा।**

कार्यक्रम को लेकर संगठन द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही हैं। सम्मेलन पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष एवं संरक्षक जेएन कासोटिया तथा वर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा के नेतृत्व में आयोजित होगा। दशहरा मैदान पर टेंट सहित अन्य व्यवस्थाओं का कार्य प्रारंभ हो चुका है। वहीं संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। अजाक्स जिला अध्यक्ष डॉ. आरएल परमार ने बताया कि सम्मेलन में शामिल होने के लिए संगठन की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आमंत्रण दिया गया है। जिस पर उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया है। सम्मेलन में प्रदेश के 53 जिलों से अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उज्जैन पहुंचेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार बैठक कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। सम्मेलन की शुरुआत 28 जून को सुबह 10 बजे होगी। प्रांतीय महासचिव महेश विरोलिया, प्रांतीय सचिव डॉ. रमेशचंद्र चांगेसिया, प्रांतीय संयुक्त सचिव डॉ. कनिया मेड़ा, संभागीय अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी, डॉ. प्रमोद मालवीय एवं जिला अध्यक्ष अजाक्स डॉ. रतनलाल परमार ने अधिकारी-कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सफल बनाने की अपील की है।

## सात वर्ष पूर्व हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**महिदपुर। एसडीओपी ज़ेंडेन लिंगज़ेरपा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महिदपुर ने टीम गठित कर फरारी स्थाई वारण्टी को गिरफ्तार कर जेल।**

फरियादी अजहर पिता अफजल निवासी दिलदारपुरा महिदपुर ने वर्ष 2018 में थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि युनुस, युसुफ, शरीफ के विरुद्ध मोटरसाइकिल से रिक्शा टकराने की बात को लेकर रास्ता रोककर जान से मारने की नीयत से देशी कट्टे से हमला कर व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान रिपोर्ट झूठी पाये जाने से फरियादी अजहर व अन्य साक्षियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की परिधि में आने से फरियादी व उसके साथियो को गिरफ्तार कर पूर्व में न्यायालय महिदपुर पेश किया गया

एक आरोपी जाकिर अली घटना दिनांक से ही फरार था जिसका फरारी स्थाई वारण्ट माननीय न्यायालय द्वारा जारी किया गया। फरारी स्थाई वारण्टी जाकिर अली पिता गुल्लु अली कोठार उम्र 35 साल निवासी दिलदारपुरा मोहर्रम मनाने के लिये आया था जिसे सूचना मिलने पर माडल स्कूल के पास से 25 से गिरफ्तार कर न्यायालय महिदपुर पेश किया गया जहां से जेल भेजा दिया गया।

## सेंट पॉल स्कूल में नवगठित छात्र संसद ने ली कर्त्तव्यनिष्ठा की शपथ

**उज्जैन।** सेंट पॉल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 25 जून को छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उज्जैन डायोसिस के प्रमुख बिशप सबॉस्टियन बड़क्केल, विद्यालय के मैनेजर फादर जेकब निरप्पल, प्राचार्या सिस्टर विनीता, उपप्राचार्या सिस्टर रुबीना, स्टाफ सेक्रेटरी बीना जोसेफ और वैखरी केलकर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

नवचयनित बाल सैनिकों ने विद्यालय के प्रति समर्पण और अनुशासन की शपथ ली। बाल सैनिकों ने आकर्षक मार्च पास्ट निकाला। प्रार्थना नृत्य और प्राचार्या सिस्टर विनीता के स्वागत भाषण के बाद छात्र परिषद को पद की शपथ दिलाई गई। कप्तान गर्वित कोठारी व निशि पोहवानी, वाइस कैप्टन लक्ष्य शर्मा व अन्वी रावल और स्कूल प्रीफेक्ट माही गादिया ने दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया। समारोह में अकादमिक मंत्री पूर्वी शर्मा, अनुशासन मंत्री महक जैन, साहित्य मंत्री आकांक्षा भंडारी, खेल मंत्री अक्ष गादिया, संस्कृति मंत्री निमिषा किल्लेदार और संचार मंत्री लक्षिता त्रिवेदी ने भी ईमानदारी से कर्त्तव्य निर्वहन की शपथ ली। मुख्य अतिथि बिशप सबॉस्टियन बड़क्केल ने परेड का निरीक्षण किया।

## अनुभवजन्य और प्रामाणिक है डॉ. अंशु जोशी का नया उपन्यास : प्रो. शर्मा

**उज्जैन।** विक्रम विश्वविद्यालय की हिन्दी अध्ययनशाला और प्रेमचंद सृजन पीठ के संयुक्त तत्वावधान में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज की प्रोफेसर डॉ. अंशु जोशी की नवनिर्वाचित पुस्तकों वैश्विक राजनीति 2025 एवं लाल दीवारें सफेद झूठ का विमोचन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा लेखिका का सारस्वत सम्मान भी किया गया।

अध्यक्षता करते हुए विक्रम विक्रमविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. शैलेन्द्रकुमार शर्मा ने कहा कि डॉ. अंशु जोशी का उपन्यास लाल दीवारें सफेद झूठ एक अनुभवजन्य और प्रामाणिक कृति है। यह उपन्यास शैक्षणिक

संस्थानों के भीतर चलने वाली राजनीतिक और वैचारिक कशमकश को उजागर करता है।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद् सदस्य व शिक्षाविद वरुण गुप्ता ने कहा कि हमारी संस्कृति और वैश्विक नीति वसुधैव कुटुम्बकम् पर आधारित है। प्रो. अंशु जोशी की पुस्तकें हमारे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और देश की विदेश नीति में राष्ट्र प्रथम की भावना को प्रतिपादित करती हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. दीपिका गुप्ता ने कहा कि आज की विदेश नीति सिर्फ हथियारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भौतिक संसाधनों पर एकाधिकार और साइबर हमलों के रूप में बदल रही है। प्रो. जोशी की पुस्तकें इस बदलते दौर में भारत के दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करती हैं।

इससे पूर्व, स्वागत भाषण प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने दिया। उन्होंने प्रो. जोशी को उज्जैन की बेटी बताते हुए उनके साहित्यिक अवदान को रेखांकित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने डॉ. अंशु जोशी को शॉल, श्रीफल एवं साहित्य भेंट कर उनका सारस्वत सम्मान किया। स्वागत कवि सुरेन्द्र सर्किट, सुगनचंद जैन, संगीता तल्लेरा और सीमा देवेन्द्र जोशी ने किया। आयोजन में वरिष्ठ कवि अशोक भाटी, डॉ. वीरेंद्र चावरे, लक्ष्मीनारायण सिंहरोड़िया, डॉ. महिमा मरमट सहित बड़ी संख्या में शोधकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीशकुमार सिंह ने किया तथा आभार शशांक दुबे ने व्यक्त किया।

**एक नजर** विधायक कालूहेड़ा ने उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा को 10 लाख देने की घोषणा की

## जय महेश...से गूंजा उज्जैन, बारिश में निकाली रथ यात्रा

**उज्जैन।** उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष संजय लड्ढा एवं सचिव राजेश पलोड़ के नेतृत्व में आयोजित दो दिवसीय महेश नवमी महोत्सव (21 एवं 23 जून) के सभी आयोजन अत्यंत भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में 2 हजार समाजजनों की सहभागिता रही। दोनों दिनों में महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा के प्रचार मंत्री नितिन बाहेती ने बताया कि अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा द्वारा अधिकृत उज्जैन नगर

माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में समाज की एकता, सेवा, संस्कार एवं संगठन का अद्भुत स्वरूप देखने को मिला। मुख्य संयोजक योगेश मंडोवरा, अभिनंदन सारड़ा एवं निलेश हेड़ा ने समस्त व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया। महोत्सव का शुभारंभ 23 जून की प्रात: श्री महेश धाम स्थित श्री बिल्केश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव एवं भगवान महेश के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजजन महेश पलोड़, महेश लड्ढा, चंद्रशेखर माहेश्वरी एवं नरेंद्र मंत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। सायंकाल निकास चौराहा से अंकपात मार्ग स्थित श्री महेश धाम तक भगवान महेश का भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा भी शामिल हुए। उन्होंने भगवान महेश के रथ के साथ पैदल चलकर समाजजनों का अभिवादन किया तथा उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों की सराहना करते हुए सभा के लिए 10 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की।

चल समारोह में विष्णु जाजू, वीरेंद्र लड्ढा, पुष्कर बाहेती, श्याम पलोड़, सीमा पलोड़, सीमा परवाल, दीपाली सोमानी एवं अदिति साबू सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। मोहन पलोड़ द्वारा सभी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया गया।

## महाकाल चौराहा क्षेत्र के होटलों में फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच

**उज्जैन।** शहर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा फायर सेफ्टी नियमों के पालन की जांच लगातार की जा रही है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को नगर निगम के सहायक आयुक्त प्रवीण मुकाती, तहसीलदार मालती राय की उपस्थिति में महाकाल चौराहा स्थित विभिन्न होटलों का निरीक्षण कर फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र, अग्निशमन ऑडिट रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई।

महाकाल चौराहा स्थित होटल केसर लक्ष्मी, प्लेजर लैंडमार्क, होटल उत्सव, होटल परी अन्य प्रतिष्ठानों में फायर एनओसी, भवन अनुज्ञा एवं विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्रों का परीक्षण किया गया। फायर ऑफिसर साहू ने बताया कि 15 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले सभी भवनों, एक तल पर 500 वर्ग मीटर से अधिक निर्मित क्षेत्रफल वाले भवनों, बड़े होटल, अस्पताल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मॉल, मल्टीप्लेक्स, सिनेमा हॉल, मैरिज गार्डन एवं अन्य मिश्रित अधिभोग वाले भवनों में अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। वहीं 50 से कम बिस्तरों वाले होटल एवं अस्पतालों को पंजीकृत फायर इंजीनियर का प्रमाणीकरण प्रस्तुत करना होगा। फायर सेफ्टी जांच के दौरान संबंधित होटलों में अग्निशामक यंत्रों आदि की जांच की।